मध्यप्रदेश विधान सभा

जुलाई, 2024 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 1 जुलाई, 2024 (आषाढ़ 10, 1946)

समय 11.00 बजे दिन

1. निधन का उल्लेख.

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख :-

(1) श्री हर्ष सिंह, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(2) श्री चन्द्रप्रभाष शेखर, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(3) श्री विजय दुबे, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(4) श्री मकसूदनलाल चन्द्राकर, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(5) श्री शान्तिलाल बिलवाल, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(6) श्री बेनी परते, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(7) श्री जसवंतसिंह राठौर, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(8) श्री मदनलाल त्यागी, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(9) श्री विठ्ठलराव महाले, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(10) डॉ. अजीज कुरैशी, उत्तरप्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल,
(11) डॉ. मनोहर जोशी, भूतपूर्व लोकसभा अध्यक्ष,
(12) आचार्यश्री विद्यासागर महाराज, सुप्रसिद्ध जैन संत,
(13) आतंकी हमलों एवं ड्यूटी पर शहीद जवान तथा
(14) दिनांक 28 फरवरी, 2024 की रात्रि में डिण्डोरी जिले के शहपुरा के बड़झर घाट के पास वाहन दुर्घटना में मृत व्यक्ति.

2. प्रश्नोत्तर.

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. अध्यादेशों का पटल पर रखा जाना.

श्री गौतम टेटवाल, राज्यमंत्री तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार *(डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री द्वारा अधिकृत)*, भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 की अपेक्षानुसार –

(क) मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2024 (क्रमांक 2 सन् 2024) एवं

(ख) मध्यप्रदेश नगरपालिका (संशोधन) अध्यादेश, 2024 (क्रमांक 3 सन् 2024)

पटल पर रखेंगे.

4. फरवरी, 2024 सत्र की स्थगित बैठकों की प्रश्नोत्तर सूची तथा प्रश्नों के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तरों का संकलन खण्ड-1 पटल पर रखा जाना.

5. नियम 267-क के अधीन फरवरी, 2024 सत्र में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके संबंध में शासन से प्राप्त उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना.

6. राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना.

7. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण.

(1) **श्री आशीष गोविन्द शर्मा, सदस्य,** इंदौर-बुधनी रेल लाईन हेतु अधिग्रहित भूमि का कम मुआवजा दिये जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) **श्री दिनेश गुर्जर, सदस्य,** मुरैना शहर के आवासीय क्षेत्र में मकानों के ऊपर विद्युत हाईटेंशन लाईन डाले जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर ऊर्जा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

8. अनुपस्थिति की अनुज्ञा.

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 127-परासिया (अ.जा.) से निर्वाचित सदस्य, श्री सोहनलाल बाल्मीक को विधान सभा के जुलाई, 2024 सत्र में दिनांक 1 जुलाई से 10 जुलाई, 2024 तक की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुज्ञा.

9. विधान सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र.

मध्यप्रदेश विधान सभा के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 123-अमरवाड़ा (अ.ज.जा.) से निर्वाचित सदस्य, श्री कमलेश प्रताप शाह एवं निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 156-बुधनी से निर्वाचित सदस्य, श्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा विधान सभा में अपने स्थानों का त्याग करने की सूचना.

10. जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के प्रबंध मण्डल हेतु तीन सदस्यों का निर्वाचन.

श्री एदल सिंह कंषाना, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री, निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे :-

"यह सभा उस रीति से जैसी अध्यक्ष महोदय निर्दिष्ट करें, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम, 1963 (क्रमांक 12 सन् 1963) की धारा 25 की उपधारा (1) के पद (नौ) की अपेक्षानुसार जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के प्रबंध मंडल के लिए राज्य विधान सभा के सदस्यों में से तीन सदस्यों के निर्वाचन के लिए अग्रसर हों.".

ए. पी. सिंह
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 30 जून, 2024